भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 171

उत्तर देने की तारीख -03/02/2025

नासिक में आईआईटी की स्थापना

†171**. श्री राजाभाऊ पराग प्रकाश वाजे:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार नासिक के स्थान, सांस्कृतिक विरासत और बढ़ते औद्योगिक आधार को देखते हुए यहां भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) स्थापित करने का है;

(ख) सरकार नासिक में आईआईटी की स्थापना से स्थानीय रोजगार सृजन, उद्यमशीलता और अर्थव्यवस्था पर संभावित प्रभाव को किस प्रकार से देखती है, जिससे महाराष्ट्र में शैक्षिक और नवाचार केंद्र के रूप में नासिक की स्थिति में सुधार होगा;

(ग) क्या सरकार ने शिक्षा और नवाचार विकास पर सरकार के उद्देश्य के अनुरूप नासिक में आईआईटी स्थापित करने के लाभों का आकलन करने के लिए कोई अध्ययन कराया है/कराने का विचार है;

(घ) क्या किसी राज्य में स्थापित आईआईटी और आईआईएम की संख्या के संदर्भ में कोई मानदंड है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या इस संख्या को नियत करने में क्षेत्रफल और जनसंख्या के संदर्भ में राज्य का आकार मायने रखता है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री

(**डॉ. सुकान्त मजूमदार**)

(क) से (ङ)**:** वर्ष 2014 तक देश में 16 आईआईटी कार्यात्मक थे। वर्ष 2014-15 और वर्ष 2015-16 की बजट घोषणा के अनुसार**,** आंध्र प्रदेश (आईआईटी तिरुपति)**,** केरल (आईआईटी पलक्कड़)**,** छत्तीसगढ़ (आईआईटी भिलाई)**,** जम्मू और कश्मीर (आईआईटी जम्मू)**,** गोवा (आईआईटी गोवा) और कर्नाटक (आईआईटी धारवाड़) राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में छह नए आईआईटी स्थापित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त**,** वर्ष 2015-16 की बजट घोषणा के अनुसार**,** भारतीय खनि विद्यापीठ**,** धनबाद (आईएसएम धनबाद) को वर्ष 2016 में आईआईटी का दर्जा प्रदान किया गया। वर्तमान में देश में महाराष्ट्र राज्य में आईआईटी बॉम्बे सहित 23 आईआईटी कार्यात्मक हैं।

आईआईटी बॉम्बे (भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बॉम्बे) भारत के सबसे प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग और शोध संस्थानों में से एक है, जिसकी स्थापना 1958 में हुई थी। संस्थान 14200 से अधिक छात्रों की क्षमता के साथ शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार में लगातार अग्रणी रहा है। क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2025 में, आईआईटी बॉम्बे ने उल्लेखनीय स्थान हासिल किया है और इसे 118वां स्थान प्राप्त हुआ है।

महाराष्ट्र में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, भारत सरकार ने विश्वेश्वरैया राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, नागपुर (वीएनआईटी नागपुर); भारतीय प्रबंध संस्थान, नागपुर (आईआईएम नागपुर); भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, नागपुर (आईआईआईटी नागपुर); भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, पुणे (आईआईआईटी पुणे); महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा और भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, पुणे (आईआईएसईआर पुणे) जैसे कई प्रमुख संस्थान स्थापित किए हैं। इसके अतिरिक्त, मुंबई में राष्ट्रीय औद्योगिक इंजीनियरिंग संस्थान (एनआईटीआईई) को वर्ष 2023 में भारतीय प्रबंध संस्थान मुंबई (आईआईएम मुंबई) में परिवर्तित कर दिया गया है।

*****